दिन–सोमवार दिनांक– 09 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. देश में मंकी पॉक्स के पहले मामले की पुष्टि। केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया।

02. केन्द्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में बिहार की राष्ट्रीय उच्च पथ परियोजनाओं के लिए छब्बीस हजार सात सौ दस करोड़ रूपये मंजूर किए।

03. जदयू ने कहा–पार्टी भाजपा के साथ मिलकर झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

04. और, प्रदेश में अब पशुओं का घर पर इलाज होगा। राज्य सरकार ने किसान पशुपालक एप, कॉल सेंटर और मोबाइल पशु चिकित्सा इकाईयों की शुरूआत की ।

————————————————————————

देश में मंकीपॉक्स के पहले मरीज की पुष्टि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ने बताया कि विदेश से नई दिल्ली लौटे एक किशोर को आठ सितंबर को मंकीपॉक्स के संदेह में आइसोलेशन में रखा गया था। संदिग्ध किशोर की सैंपल लेकर जांच कराई गई, जिसमें मंकीपॉक्स के स्ट्रेन वेस्ट अफ्रीकन क्लेड टू की पुष्टि हुई है। लेकिन ये स्ट्रेन डब्ल्यू एच ओ की ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी में शामिल नहीं है। इस बीच केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को परामर्श जारी किया है। परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढाने तथा लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया गया है। मंत्रालय ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राज्य और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा, विशेषकर जन स्वास्थ्य से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करने का परामर्श भी दिया है।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में बिहार की राष्ट्रीय उच्च पथ परियोजनाओं के लिए छब्बीस हजार सात सौ दस करोड़ रूपये मंजूर किए हैं। यह अब तक की सबसे अधिक राशि है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने वार्षिक योजना में श्रेणी ए तहत दस हजार सात सौ बीस करोड़ रूपये जबकि श्रेणी दो के तहत नौ हजार तीन सौ पन्द्रह करोड़ रूपये स्वीकृत किया है। इसके अलावा मंत्रालय की बिहार इकाई को छह हजार छह सौ पचहत्तर करोड़ रूपये आवंटित किया गया है। इस राशि को मंत्रालय की ओर से राज्य की सड़क परियोजनाओं पर खर्च किया जायेगा। मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुजफ्फरपुर–सोनवर्षा एनएच के लिए चार हजार करोड़, अनिसाबाद दीदारगंज के बीच प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के लिए दो हजार करोड़ रूपये जबकि पटना–आरा–सासाराम एनएच के लिए तीन हजार आठ सौ संतानवें करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा पुल–पुलियों के निर्माण के लिए भी राशि का आवंटन किया गया है। समाचार कक्ष से मैं कामिनी ठाकुर।

———————————————————————————

जनता दल युनाइटेड, भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने राँची में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय हो जायेगा। हालांकि पार्टी कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी इस पर उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। इस बीच, श्री झा ने आज रांची में पार्टी नेताओं के साथ बैठक की और राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति की समीक्षा की।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अचानक पटना के लदमा गांव में मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह के घर जाकर मुलाकात की। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह भी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि तीनों नेताओं के बीच राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को लेकर गहन विचार–विमर्श हुआ। इस बीच अनंत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ राज्य के विकास को लेकर बातचीत हुई। इस मुलाकात के राजनीतिक मायने नहीं निकाले जाने चाहिए।

———————————————————————————

केन्द्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में गरीबों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। आज बक्सर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री दूबे ने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य समाज के वंचित और पिछड़े वर्ग का उत्थान करना है।

———बाईट———

———————————————————————

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने कहा है कि बिहार में निवेश की प्रक्रिया को गति मिली है और पिछले कुछ दिनों में पचास हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौतों को अनुमति दी जा चुकी है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि इसमें छत्तीस हजार करोड़ रुपये के समझौतों के लिए औपचारिकताएं पूरी कर ली गयी हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों देश विदेश में कई स्थानों पर सरकार की ओर से निवेशक सम्मेलन आयोजित किये गये थे। इन सम्मेलनों में निवेश को लेकर दो सौ अठहत्तर कंपनियों के साथ समझौता हुआ है।

———————————————————————

प्रदेश में अब पशुओं का घर पर इलाज होगा। इसके लिए राज्य सरकार ने किसान पशुपालक एप, कॉल सेंटर और मोबाइल पशु चिकित्सा इकाईयों की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम में पांच सौ चौंतीस मोबाईल पशु चिकित्सा वैन को विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया। साथ ही उन्होंने मोबाइल एप और कॉल सेंटर का लोकार्पण किया। पशुपालक एप या कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर एक नौ छह दो पर पशुपालक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक निशुल्क पशु चिकित्सक से संपर्क कर सकते है। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की टीम घर पर जाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी। साथ ही दवाइयां भी निशुल्क दी जायेगी। राज्य की पशुपालन मंत्री रेणु देवी ने बताया कि कॉल सेंटर में टेली मेडिसिन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस के लिए एक हजार एक सौ चिकित्सकों की तैनाती की गई है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई इस योजना से सभी प्रखंडों में पशुओं को अत्याधुनिक इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

———बाईट———

समारोह में केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की उनतीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की सत्ताईस तारीख तक टोल फ्री नम्बर **एक आठ शून्य शून्य – एक एक – सात आठ शून्य शून्य** पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा **एक नौ दो दो** पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस से मिले लिंक के माध्यम से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

———————————————————————————

तीर्थ यात्रा पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। वस्तु और सेवा परिषद की आज नई दिल्ली में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी की दर को मौजूदा अठारह प्रतिशत से कम करने पर व्यापक रूप से सहमति हो गई है, लेकिन इस पर अंतिम फैसला अगली बैठक में लिया जायेगा। जीएसटी काउंसिल ने दो हजार से कम ट्रांजेक्शन के मर्चेंट फिश पर अठारह प्रतिशत जीएसटी लगाने के मामले पर विचार के लिए इसे फिटमेंट कमिटी को भेज दिया है।

———————————————————————————

राजभवन सचिवालय ने सभी कुलपतियों को अंगीभूत और संबद्ध डिग्री कॉलेज का प्रत्येक सप्ताह निरीक्षण करने का आदेश दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि हरेक कुलपति अपने क्षेत्राधीन अंगीभूत कॉलेज, संबद्ध कॉलेज और मान्यता प्राप्त कॉलेज का नियमित निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में कुलपतियों द्वारा अकादमीक कैलेंडर का पालन, शिक्षकों और छात्र–छात्राओं की उपस्थिति, प्रयोगशाला और पुस्तकालय का उपयोग तथा विभिन्न विभागों की वस्तुस्थिति का आकलन किया जायेगा। यदि कॉलेज में किसी प्रकार की कमी पायी जाती है तो कुलपति उसका निराकरण करेंगे। साथ ही कुलपति निरीक्षण संबंधी रिपोर्ट राजभवन सचिवालय के पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न जिलों में पचपन नये मामले सामने आए हैं। सबसे अधिक सत्ताईस मरीज पटना से मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार एक सौ तेईस मामले सामने आ चुके हैं। नई दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जतिन आहूजा ने डेंगू से बचाव की जानकारी दी।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल में सबसे अधिक बयालीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, दरभंगा के हायाघाट में पैंतीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के साथ ही बारिश की गतिविधियों में तेजी आएगी। बारह सितम्बर से राज्य में बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बन रही है। उन्होंने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में छिटपुट बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है।

———बाईट———

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही उस खबर का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि महिलाओं को निशुल्क सोलर आटा चक्की मशीन दी जायेगी। पत्र सूचना कार्यालय, पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस दावें को गलत बताया है। पीआईबी ने कहा है कि सरकार इस प्रकार की कोई योजना नहीं चला रही है।

———————————————————————

पटना सिटी के मंगल तालाब के पास अपराधियों ने लूटपाट की घटना का विरोध करने पर भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित लोगों ने पटना सिटी–गांधी मैदान रोड को जामकर प्रदर्शन किया।

अररिया जिले की एक अदालत ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में दोषी मोहम्मद राहिद को दो साल कारावास और पांच हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

01. देश में मंकी पॉक्स के पहले मामले की पुष्टि। केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया।

02. केन्द्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में बिहार की राष्ट्रीय उच्च पथ परियोजनाओं के लिए छब्बीस हजार सात सौ दस करोड़ रूपये मंजूर किए।

03. जदयू ने कहा–पार्टी भाजपा के साथ मिलकर झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

04. और, प्रदेश में अब पशुओं का घर पर इलाज होगा। राज्य सरकार ने किसान पशुपालक एप, कॉल सेंटर और मोबाइल पशु चिकित्सा इकाईयों की शुरूआत की ।

———————————————————————

समाप्त